# वामिका की चमक से रोशन होगी सिने काइंड अवॉर्ड्स

**अभिनेत्री** वामिका गब्बी, अभिनेता जॉन अब्राहम, रवीना टंडन, अनंत अंबानी, रितेश देशमुख और जेनेलिया देशमुख समेत कई हस्तियों को सिने काइंड अवॉर्ड्स 2026 में सम्मानित किया जाएगा. फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया (एफएफआई) और पीपल फॉर एनिमल्स (पीएफए) के सहयोग से आयोजित सिने काइंड अवॉर्ड्स नाइट 2026 में काइंडनेस, सहानुभूति और पशु कल्याण के क्षेत्र में योगदान देने वाली हस्तियों और संगठनों को सम्मानित किया जाएगा.

इस वर्ष सम्मानित होने वाले प्रमुख नामों में अनंत अंबानी, जॉन अब्राहम, रवीना टंडन, वामिका गब्बी, कल्याण वर्मा, अमित राय और राजन शाही शामिल हैं. इनके अलावा पशु कल्याण और सामाजिक बदलाव के लिए जमीनी स्तर पर काम कर रहे संगठनों और व्यक्तियों को भी सम्मान दिया जाएगा.

सिने काइंड पहल का उद्देश्य सिनेमा, संस्कृति और सामाजिक जिम्मेदारी के बीच करुणा के संबंध को मजबूत करना है. पीएफए पशु बचाव, पुनर्वास, जागरूकता और पशु कल्याण से जुड़े मुद्दों पर काम करता है.



# 42 साल के हुए आयुष्मान

## ट्रेन में गाने वाला लड़का बना बॉलीवुड का सितारा



**आयुष्मान** खुराना का नाम आज बॉलीवुड के उन अभिनेताओं में लिया जाता है, जिन्होंने अपनी फिल्मों के जरिए मनोरंजन के साथ-साथ सामाजिक मुद्दों को भी पर्दे पर जगह दी. लेकिन उनकी यह पहचान एक दिन में नहीं बनी. 14 सितंबर 1984 को चंडीगढ़ में जन्मे आयुष्मान का शुरुआती नाम निशांत खुराना था. जब वह तीन साल के थे, तब ज्योतिष की सलाह पर उनके माता-पिता ने उनका नाम बदलकर आयुष्मान रख दिया. उनके पिता पी. खुराना ज्योतिषी थे.

चंडीगढ़ में पढ़ाई के दौरान ही आयुष्मान का झुकाव अभिनय, संगीत और कविता की तरफ हो गया था. वह डीएवी कॉलेज के थिएटर समूह से जुड़े और नाटकों में अभिनय किया. आगे चलकर उन्होंने पंजाब विश्वविद्यालय से जनसंचार में परास्नातक की पढ़ाई की. कॉलेज के दिनों में ही मंचों पर उनकी प्रतिभा को पहचान मिलने लगी थी. उन्होंने कई प्रतिष्ठित संस्थानों के कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और पुरस्कार भी जीते.

इसके बाद शुरू हुआ मुंबई का संघर्ष. फिल्मों में काम पाने की कोशिश के दौरान आयुष्मान के पास अपना घर तक नहीं था. वह अपने एक दोस्त के घर पर रहे, जो मुंबई में चिकित्सा की पढ़ाई कर रहा था. आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए उन्होंने कॉलेज उत्सवों, शादियों और दूसरे कार्यक्रमों में गाना शुरू किया.

यहां तक कि दोस्तों के साथ ट्रेन के डिब्बों में भी गाकर पैसे कमाए. बाद में रेडियो और टेलीविजन ने उन्हें पहचान दिलाई.

वर्ष 2012 में फिल्म 'विक्की डोनर' से उन्होंने अभिनय की दुनिया में कदम रखा और पहली ही फिल्म से अलग तरह के विषय चुनने वाले अभिनेता के रूप में पहचान बना ली. इसके बाद 'दम लगा के हईशा', 'बधाई हो', 'अंधाधुन', 'आर्टिकल 15' और 'ड्रीम गर्ल' जैसी फिल्मों ने उनके करियर को नई ऊंचाई दी. 'अंधाधुन' के लिए उन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया. ट्रेन में गाने से शुरू हुआ सफर आज राष्ट्रीय सम्मान तक पहुंच चुका है.

## टेलीविजन हलचल



### अक्षय के सामने खुला पिता का राज


**धारावाहिक** 'क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं' में आने वाले एपिसोड में रिश्तों और राज का ऐसा टकराव देखने को मिलेगा, जो कहानी को पूरी तरह बदल सकता है. अंगद अब तक अपने परिवार के बीच गायक एवी बनकर रह रहा है और चेहरे पर नकाब लगाकर अपनी पहचान छिपा रहा है. वह वृंदा और कार्तिक की शादी की तैयारियों के बीच अपने बच्चों की मदद करता है, लेकिन खुद को परिवार से दूर रखने की कोशिश करता है. शादी के दिन कहानी में अचानक बड़ा मोड़ आता है. वृंदा पर टिप्पणी करने वाले कुछ लड़कों को रोकने की कोशिश में अक्षय और गौरव के साथ मारपीट होती है. इसी दौरान अक्षय को एवी की एक बातचीत सुनाई देती है, जिससे उसे पता चलता है कि एवी जल्द ही शहर छोड़ने वाला है. इसके बाद उसके मन में एवी की पहचान को लेकर सवाल और गहरे हो जाते हैं. अंगद भी शादी के माहौल में खुद को संभाल नहीं पाता. वृंदा को किसी और के साथ नई जिंदगी शुरू करते देख उसका पुराना दर्द सामने आने लगता है. वह वहां से जाने की कोशिश करता है, लेकिन अक्षय उसका रास्ता रोक लेता है और एवी का पूरा नाम पूछता है. आखिरकार अंगद सच कबूल कर लेता है कि एवी कोई और नहीं, बल्कि अंगद विरानी है. अक्षय नकाब हटाता है और सामने अपने पिता को देखकर हैरान रह जाता है. वह अंगद पर वृंदा को धोखा देने और उसे दर्द देने का आरोप लगाता है. अंगद इसके बाद अपने सबसे बड़े दर्द का खुलासा करता है. वह कहता है कि वृंदा निर्दोष है और वह उससे सामना नहीं कर सकता, क्योंकि उसके अपने फैसले की वजह से उनके बेटे को खोना पड़ा.

# 'हनुमान अंश' के बाद मेकर्स का बड़ा ऐलान आएगी 'राम बोला'

**नीब** करौरी बाबा के जीवन पर आधारित फिल्म 'हनुमान अंश' बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई कर रही है. इसकी सफलता के बीच फिल्म के मेकर्स ने अपनी अगली फिल्म की घोषणा कर दी है. इस फिल्म का नाम 'राम बोला' होगा, जिसे विशाल चतुर्वेदी ही निर्देशित करेंगे. कहानी भी विशाल की ही होगी. वहीं इस फिल्म को महावीर जैन फिल्म्स प्रोड्यूस करेंगे. इसकी कहानी महान संत गोस्वामी तुलसीदास के जीवन पर आधारित होगी.

### विशाल ने सोशल मीडिया पर की घोषणा

फिल्म 'राम बोला' के बारे में निर्देशक और लेखक विशाल चतुर्वेदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर जानकारी दी. उन्होंने फिल्म के पोस्टर के साथ लिखा, 'रामबोला गोस्वामी तुलसीदास के जीवन की कहानी है, जिनकी भक्ति और साहित्यिक रचनाओं का भारतीय संस्कृति और साहित्य पर अमिट प्रभाव रहा है. यह फिल्म उनके जीवन और उनके




शब्दों की विरासत को दर्शाएगी, जिनका भारत की आध्यात्मिक और साहित्यिक परंपराओं में आज भी महत्वपूर्ण स्थान है. फिल्म 'हनुमान अंश' की सफलता के बाद फिल्म के निर्माता महावीर जैन दूसरी फिल्म बनाने जा रहे हैं.

# गैंग्स ऑफ वासेपुर 2 ने बदली नवाजुद्दीन की जिंदगी

**नवाजुद्दीन** सिद्दीकी ने बॉलीवुड में जिस मुकाम तक पहुंचने के लिए लंबा संघर्ष किया, उसके बाद आया सफलता का दौर भी उतना ही दिलचस्प रहा. वर्षों तक फिल्मों में छोटे-मोटे किरदार निभाने वाले नवाजुद्दीन को असली पहचान फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर 2' में फैजल खान की भूमिका से मिली. फिल्म में उनके अभिनय को दर्शकों और फिल्म जगत ने खूब सराहा और इसके बाद उनके करियर की दिशा ही बदल गई.

हाल ही में अपने उस दौर को याद करते हुए नवाजुद्दीन ने बताया कि फिल्म की सफलता के बाद उनके पास प्रस्तावों की बाढ़ आ गई थी.



अभिनेता ने इस लोकप्रियता को खुद पर हावी नहीं होने दिया. उनके सामने एक साथ इतने बड़े प्रस्ताव थे कि वह चाहें तो लगातार फिल्में साइन कर सकते थे, लेकिन उन्होंने सिर्फ पैसों या अचानक मिली शोहरत के आधार पर फैसले नहीं किए. उनके लिए किरदार और कहानी ज्यादा महत्वपूर्ण रहे. लंबे संघर्ष के बाद मिली सफलता को संभालना भी अपने आप में एक चुनौती है.

# रामायण का पहला गाना 'जय जय राम' हुआ रिलीज

**नितेश** तिवारी की मेगा बजट फिल्म 'रामायण' का पहला भाग इस साल दिवाली पर आएगा. रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका निभाएंगे और साई पल्लवी माता सीता की भूमिका में नजर आएंगी. सोमवार को को गणेश चतुर्थी के मौके पर मेकर्स ने फैंस को सियाराम की एक झलक दिखाई है. इस फिल्म का पहला मोशन पोस्टर जारी किया गया है. इसके अलावा फिल्म का



पहला गाना भी रिलीज कर दिया गया है. गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर टी-सीरीज ने इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट शेयर किया है. पोस्ट में 'रामायण' का पहला मोशन पोस्टर जारी किया गया है. इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'सिया-राम के शाश्वत बंधन का जश्न'. बता दें कि इससे पहले मेकर्स फिल्म के पहले गाने 'जय जय राम' को लेकर भी अपडेट साझा कर चुके हैं.

नितेश तिवारी के निर्देशन में बनी फिल्म 'रामायण' को दो हिस्सों में रिलीज किया जाएगा. पहला भाग दिवाली के आस-पास आने वाला है, जिसकी वर्ल्डवाइड रिलीज 6 नवंबर को तय है. फिल्म भारत में 8 नवंबर, 2026 को रिलीज होगी.



# हुंडई ने खोला नई एसयूवी का राज, नाम है बेयोन

हुंडई बेयोन के आने से कॉम्पैक्ट एसयूवी बाजार में मुकाबला और कड़ा होने की उम्मीद है. भारतीय बाजार में इसका सामना मारुति सुजुकी फ्रॉन्क्स, टोयोटा टैसर, किआ सिरोस, महिंद्रा एक्सयूवी 3एक्सओ और टाटा नेक्सन जैसी गाड़ियों से हो सकता है. सोशल मीडिया पर टीजर सामने आने के बाद लोगों ने भी अपनी प्रतिक्रिया देना शुरू कर दिया है.

**हुंडई** मोटर इंडिया भारतीय बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए नई एसयूवी हुंडई बेयोन को उतारने की तैयारी कर रही है. कंपनी ने लॉन्च से पहले इस नई क्रॉसओवर एसयूवी के नाम की आधिकारिक घोषणा कर दी है. इसके साथ ही सोशल मीडिया पर इसका टीजर भी जारी किया गया है. टीजर सामने आने के बाद वाहन प्रेमियों के बीच इसकी लॉन्च तारीख और कीमत को लेकर चर्चा तेज हो गई है.

हुंडई की ओर से जारी टीजर में नई एसयूवी के नाम को खास अंदाज में पेश किया गया है. कंपनी ने संकेत दिया है कि नाम ही पहली झलक का सुराग हो सकता है. हालांकि टीजर में वाहन से जुड़ी पूरी जानकारी नहीं दी गई है. कंपनी ने अभी इसके इंजन, फीचर्स, आकार और आधिकारिक कीमत का खुलासा भी नहीं किया है. हुंडई ने अभी तक इसकी तारीख की औपचारिक घोषणा नहीं की है. हालांकि उम्मीद की जा रही है कि बेयोन को भारतीय बाजार में अगले महीने तक उतारा जा सकता है. कीमत को लेकर अनुमान है कि इसे करीब 8 लाख से 10 लाख रुपए के दायरे में पेश किया जा सकता है. इस कीमत के साथ यह हुंडई की क्रेटा से नीचे के स्तर पर जगह बना सकती है.



# हीरो की नई ग्लैमर एक्स 125 ने मारी एंट्री

## 125 सीसी सेगमेंट में पहली बार दिखेंगे कई आधुनिक फीचर्स



**हीरो** मोटोकॉर्प ने 125 सीसी मोटरसाइकिल बाजार में अपनी नई ग्लैमर एक्स 125 को लॉन्च कर दिया है. कंपनी ने इस बाइक की दिल्ली में एक्स-शोरूम कीमत 1.01 लाख रुपए रखी है. नई मोटरसाइकिल को आधुनिक डिजाइन और कई तकनीकी खूबियों के साथ बाजार में उतारा गया है. इसका सबसे खास आकर्षण क्रूज कंट्रोल बताया जा रहा है, जो इस श्रेणी की बाइक को दूसरे मॉडलों से अलग पहचान देता है. कंपनी ने ग्लैमर एक्स 125 को रोजाना इस्तेमाल करने वाले ग्राहकों को ध्यान में रखकर तैयार किया है. ऐसे ग्राहक जो कम क्षमता वाली बाइक में भी बेहतर तकनीक, आराम और आधुनिक सुविधाएं चाहते हैं, उनके लिए यह नया मॉडल विकल्प बन सकता है. बाइक में सुरक्षा और सुविधा से जुड़े कई आधुनिक फीचर्स भी दिए गए हैं.

**कीमत 1.01 लाख रुपए-** हीरो मोटोकॉर्प ने ग्लैमर एक्स 125 की दिल्ली में एक्स-शोरूम कीमत 1.01 लाख रुपए तय की है. इस कीमत के साथ कंपनी ने इसे उन ग्राहकों के लिए पेश किया है, जो सामान्य कम्यूटर बाइक से आगे बढ़कर ज्यादा फीचर्स वाली मोटरसाइकिल चाहते हैं.

### क्रूज कंट्रोल बना खास आकर्षण

नई ग्लैमर एक्स 125 का सबसे चर्चित फीचर क्रूज कंट्रोल है. यह सुविधा लंबी दूरी के सफर के दौरान लगातार एक जैसी गति बनाए रखने में मदद करती है. इससे राइडर को हर समय एक्सीलेटर पर दबाव बनाए रखने की जरूरत कम हो सकती है. 125 सीसी श्रेणी में इस तरह की सुविधा बाइक को खास बनाती है.




### टाटा पंच इवी हुई महंगी

**भारतीय** इलेक्ट्रिक कार बाजार में टाटा मोटर्स की पंच ईवी एक प्रमुख कॉम्पैक्ट इलेक्ट्रिक एसयूवी के तौर पर मौजूद है. अब इसे खरीदने की योजना बना रहे ग्राहकों को अपनी जेब थोड़ी ज्यादा ढीली करनी होगी. टाटा मोटर्स ने पंच ईवी की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी है. नई कीमतें तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई हैं. कंपनी ने अलग-अलग बैटरी और वेरिएंट के हिसाब से कीमतों में बदलाव किया है.पंच ईवी की कीमत में अधिकतम 20 हजार रुपए तक की बढ़ोतरी की गई है.

# 125 सीसी बाइक बाजार की बादशाह बनी होंडा शाइन

**भारतीय** दोपहिया बाजार में 125 सीसी मोटरसाइकिलों की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है. जुलाई 2026 के मॉडलवार बिक्री आंकड़ों में होंडा शाइन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इस सेगमेंट में पहला स्थान हासिल किया है. होंडा शाइन और एसपी शाइन की जुलाई में कुल 1,76,756 यूनिट बिकीं. इस तरह 125 सीसी मोटरसाइकिलों की कुल बिक्री में शाइन की हिस्सेदारी 62.52 प्रतिशत रही.

होंडा की इस बाइक ने सालाना बिक्री के मामले में भी मजबूत प्रदर्शन किया. जुलाई में इसकी बिक्री पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 27.47 प्रतिशत बढ़ी. दूसरी तरफ इस सेगमेंट की दूसरी सबसे ज्यादा बिकने वाली बाइक टीवीएस राइडर रही. राइडर की कुल 34,125 यूनिट बिकीं और इसकी सालाना बिक्री में 39.22 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज हुई. तीसरे स्थान पर बजाज पल्सर रही. पल्सर 125 और एनएस की कुल 25,604 यूनिट बिकीं.



हीरो एक्सट्रीम 125आर की 9,696 यूनिट बिकीं, जबकि नई होंडा हॉर्नेट 125 ने 3,859 यूनिट की बिक्री दर्ज की. बजाज फ्रीडम की 1,692 यूनिट बिकीं. वहीं केटीएम 125 को जुलाई में एक भी ग्राहक नहीं मिला. पूरे 125 सीसी मोटरसाइकिल बाजार की बात करें तो जुलाई में कुल 2,82,726 यूनिट बिकीं.






# इसरो में 22 पदों पर भर्ती

## 10वीं-आईटीआई पास के लिए बड़ा मौका

**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन से जुड़कर सरकारी नौकरी करने का सपना देख रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है. इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स (आईपीआरसी), महेंद्रगिरी ने विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं. भर्ती अभियान के जरिए कुल 22 पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी. इनमें तकनीकी सहायक, तकनीशियन 'बी', रसोइया 'ए' और अग्निशामक 'ए' के पद शामिल हैं.

इस भर्ती में 10वीं और आईटीआई पास उम्मीदवारों के लिए भी अवसर है. इच्छुक अभ्यर्थी 15 सितंबर 2026 से 5 अक्टूबर 2026 तक आईपीआरसी की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे. आईपीआरसी की भर्ती में तकनीकी सहायक, तकनीशियन 'बी', रसोइया 'ए' और अग्निशामक 'ए' समेत कुल 22 पद शामिल हैं. पद के अनुसार शैक्षणिक योग्यता और अन्य पात्रता शर्तें अलग-अलग निर्धारित की गई हैं. तकनीकी सहायक, तकनीशियन 'बी' और रसोइया 'ए' पदों के लिए उम्मीदवारों का चयन लिखित परीक्षा और पाठ्यक्रम आधारित कौशल परीक्षा के आधार पर किया जाएगा. वहीं अग्निशामक 'ए' पद के लिए प्रक्रिया थोड़ी अलग होगी. इस पद के उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के बाद शारीरिक दक्षता परीक्षा और विस्तृत चिकित्सा परीक्षण से गुजरना होगा. भर्ती में चयनित उम्मीदवारों को पद और वेतन स्तर के अनुसार वेतन मिलेगा.

# यूपीएसएसएससी में वरिष्ठ प्रशिक्षक के 132 पदों पर भर्ती

**उत्तर प्रदेश** में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है. उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) ने वरिष्ठ प्रशिक्षक के 132 पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है. इच्छुक अभ्यर्थी 14 सितंबर 2026 से आवेदन कर सकते हैं. आवेदन करने की अंतिम तारीख 5 अक्टूबर 2026 है. इस भर्ती की सबसे अहम बात यह है कि वरिष्ठ प्रशिक्षक पद की मुख्य परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों का चयन पीईटी-2025 के स्कोर के आधार पर किया जाएगा. ऐसे में पीईटी-2025 में शामिल उम्मीदवारों के लिए यह भर्ती महत्वपूर्ण अवसर है.

आवेदन के लिए उम्मीदवारों को यूपीएसएसएससी की आधिकारिक वेबसाइट upsssc.gov.in पर जाना होगा. वेबसाइट पर भर्ती से संबंधित आवेदन लिंक उपलब्ध होने के बाद अभ्यर्थी जरूरी विवरण भरकर आवेदन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं.

### 5 अक्टूबर तक मौका

ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख 5 अक्टूबर 2026 है. अभ्यर्थियों को सलाह है कि अंतिम दिन का इंतजार किए बिना आवेदन पूरा कर लें. फॉर्म जमा करने से पहले दर्ज की गई सभी जानकारियों को अच्छी तरह जांच लें, ताकि किसी गलती के कारण आवेदन प्रक्रिया में परेशानी न हो. भर्ती से जुड़ी पात्रता, परीक्षा और अन्य शर्तों की जानकारी आयोग की अधिसूचना में देखी जा सकती है.



# सीपीआरआई में 110 पदों पर भर्ती

## 10वीं पास भी कर सकेंगे



**सरकारी** नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए केंद्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान (सीपीआरआई) ने भर्ती का शॉर्ट नोटिस जारी किया है. संस्थान ने विज्ञापन संख्या सीपीआरआई/06/2026 के तहत विभिन्न कार्यकारी और गैर-कार्यकारी पदों पर कुल 110 रिक्तियां घोषित की हैं. नोटिस 14 सितंबर 2026 को जारी किया गया है. भर्ती में 10वीं पास अभ्यर्थियों से लेकर इंजीनियरिंग योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों तक के लिए अवसर है.

सीपीआरआई की ओर से जारी शॉर्ट नोटिस में इंजीनियरिंग ऑफिसर ग्रेड-I, इंजीनियरिंग असिस्टेंट, टेक्नीशियन ग्रेड-I, असिस्टेंट ग्रेड-II, टेक्निकल अटेंडेंट ग्रेड-I, साइंटिफिक असिस्टेंट और मल्टी-टास्किंग स्टाफ समेत कई पद शामिल किए गए हैं. कुल 110 पदों में सबसे ज्यादा 37 पद टेक्निकल अटेंडेंट ग्रेड-ढ्ढ के हैं. इसके बाद असिस्टेंट ग्रेड-II के 29 पद और मल्टी-टास्किंग स्टाफ ग्रेड-I के 14 पद शामिल हैं. अन्य पदों पर रिक्तियों की संख्या भी शॉर्ट नोटिस में दी गई है.

अलग-अलग पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता अलग रखी गई है. इससे 10वीं पास अभ्यर्थियों के साथ तकनीकी और इंजीनियरिंग योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों के लिए भी सरकारी नौकरी का अवसर बनता है. सीपीआरआई ने फिलहाल केवल शॉर्ट नोटिस जारी किया है. ऑनलाइन आवेदन की शुरुआत और अंतिम तारीख अभी घोषित नहीं की गई है. आवेदन शुल्क, पदवार शैक्षणिक योग्यता, आयु सीमा, चयन प्रक्रिया और अन्य जरूरी शर्तों की विस्तृत जानकारी विस्तृत विज्ञापन जारी होने के बाद स्पष्ट होगी. इसलिए इच्छुक अभ्यर्थियों को सीपीआरआई की आधिकारिक भर्ती सूचना का इंतजार करना होगा.